वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 40 | मंगलवार 4 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# विश्व पर्यावरण दिवस: सैकड़ों महिलाओं ने साईकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण में किया योगदान

## राज्य के अस्पतालों में पर्यावरण जागरूकता पर दिखाई जा रही लघु फिल्म




## गीले कचरे से खाद बनाकर घरेलू कचरा मुक्त करने की संकल्पना को किया जा सकता है साकार

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा आयोजित की जा रही सात दिवसीय हितधारक कार्यशाला के तहत ''गीले कचरे से खाद बनाने'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खाद बनाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को जहाँ लाइव डेमो देकर समझाया गया वही आमजन की भागीदारी ने कार्यशाला को एक रोचक रूप दिया। इस मौके पर मौजूद मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी श्री वि एस परिहार ने कहा कि घरेलू कचरे का गीले कचरे एवं सूखे कचरे में पृथक्करण कर गीले कचरे से घर में ही खाद बनाकर तैयार करें ताकि रासायनिक खेती को ऑर्गेनिक खेती में परिवर्तित किया जा सके, साथ ही गीले कचरे की वजह हो रहे नुकसान से पर्यावरण को बचाया जा सके । कार्यशाला के दौरान अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी नेहा अग्रवाल ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण एवं लाइव डेमो के माध्यम से कम्पोस्ट के विभिन्न तरीकों से अवगत करवाते हुए घर पर ही सरल तरीके से कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया से अवगत करवाया। इस दौरान मौजूद प्रतिभागियों ने उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों से अवगत करवाया साथ ही इस प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के समाधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं कम्पोस्ट बिन देकर सम्मानित किया गया साथ ही गीले कचरे से खाद बनाने एवं स्वयं के कचरे की जिम्मेदारी स्वयं लेने के लिए प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

बुधवार (5 जून को आयोजित होने वाली विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के तत्वाधान में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की श्रेणी में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर होटल क्लार्क आमेर से ''विमेंस साइक्लोथॉन'' का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की संयुक्त सचिव विनीता सिंह एवं वित्तीय सलाहकार निधि मेहता ने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को रवाना किया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव ने प्रतिभागी महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि महिलाएं न केवल हमारे समाज में बल्कि सम्पूर्ण देश अहम भूमिका अदा कर रही है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण की जब बात आती है तो निश्चित तौर पर महिलाएं अपनी सर्वोत्तम भूमिका अदा कर भावी पीढ़ी को स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध करवा सकती है। अपील करते हुए कहा कि कम दूरी के लिए परिवहन के साधनों के रूप में साइकिल के उपयोग को प्राथमिकता दी जाये साथ ही सार्वजानिक वाहनों के उपयोग का भी उपयोग किया जाये। ताकि सड़कों पर भीड़ काम हो सके और हम अपने वातारवण को स्वच्छ बनाने में सहयोग कर सकें।

### साइकिल फिट रहने के साथ आर्थिक समानता में भी महत्वपूर्ण

साइक्लोथॉन के अवसर पर मौजूद प्रतिभागियों को संदेश देते हुए मंडल की वित्तीय सलाहकार निधि मेहता ने कहा कि साइकिल फिट रहने का सबसे बेहतरीन एवं किफायती साधन है। वहीं साइकिल किफायती होने के साथ परिवार और समाज पर पेट्रोल डीजल एवं महंगी गाड़ियों के उपयोग से बढ़ रहे आर्थिक भार को कम करने में भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में सामाजिक असमानताओं को कम करने में साइकिल की अहम भूमिका है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की चेतना को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रदूषण मंडल द्वारा विशेष पहल करते हुए राज्य के लगभग सभी अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेज में लघु फिल्म लगातार चालयी जा रही है । ताकि वहां आने वाले लोग पर्यावरण का महत्व से जागरूक हो सकें एवं पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम बढ़ाते हुए स्वस्थ राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की पहल कर सकें। ऐसे में वीडियो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सन्देश आम आदमी तक पहुंचाने एवं जागरूक करने का मंडल का यह सार्थक प्रयास यदि कामयाब रहा तो वो दिन दूर नहीं जब राज्य को स्वच्छ पर्यावरण राज्यों की क्षेणी में शामिल होगा और राज्य का प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण कर अपना दायित्व निर्वाह करेगा। उल्लेखनीय है कि यह लघु फिल्म 10 जून तक दिखाई जाएगी वही दिनांक 4 जून को बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

# शोभा यात्रा निकाली,श्रीजी को नगर भ्रमण कराया, आरती सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या आज



**टोंक. शाबाश इंडिया।** शहर के बीचो-बीच स्थित बड़ा तख्ता जैन मंदिर में चल रहे शांतिनाथ भगवान के जन्म तप ज्ञान कल्याणक महामहोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को प्रातः काल बड़ा तख्ता जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पालकी में श्रीजी को विराजमान कर बैंड बाजा के साथ मुख्य बाजार में होते हुए जैन नसिया पहुंची जहां पर सभी श्रद्धालुओं ने देवदर्शन करके वापस बड़ा तख्ता जैन मंदिर में विसर्जन हुई समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं कमल सर्राफ ने बताया कि मंगलवार को प्रातःकाल अभिषेक शांतिधारा एवं दूध शांतिधारा एवम पंचामृत अभिषेक होंगे बाद में नित्य नियम पूजा की जाएगी। दोपहर की मेला की बेला में महिला मंडल द्वारा बिनतीय एवं भजन का प्रोग्राम रखा गया है सायकालीन बेला में आरती प्रश्नमंच सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात विशाल भजन संध्या आयोजित होगी इससे पूर्व रविवार को रात्रि को महिला मंडल एवं धर्म सागर पाठशाला के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें धमार्सागर पाठशाला के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतीया पेश की गई इस कार्यक्रम में भागचंद जी फुलेता कमल आंडरा पारस सराफ रमेश काला कैलाश सघी धर्म दाखिया राजू सराफ राजेश शिवाड़िया सोनू धर्मेंद्र नरेंद्र आकाश मनीष राहुल मनीष उपस्थित थे।

# विश्व साइकल दिवस पर मुनि सुव्रतनाथ फाउंडेशन ने किया साइक्लोथोन का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** विश्व साइकल दिवस के अवसर पर मुनि सुव्रतनाथ फाउंडेशन ने एक विशेष साइकलिंग का आयोजन किया। यह आयोजन अक्षय पात्र से गोनेर तक किया गया, जिसमें ग्रुप के साइकल प्रेमियों ने भाग लिया। साइक्लोथोन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। फाउंडेशन के समन्वयक अभिषेक सांघी ने इस अवसर पर कहा, साइकलिंग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम चाहते हैं कि लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सुबह 5 बजे अक्षय पात्र चौराहे से शुरू हुआ यह साइकलिंग कारवां गोनेर स्थित जगदीश जी महाराज मंदिर तक पहुंचा। पूरे मार्ग में साइकलिस्टों का जोश देखते ही बनता था। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों में जयदेव, रुपेश, डॉ प्रीति धीरेंद्र, मिलन, दीपक, ऋषभ आदि शामिल रहे। इस आयोजन ने न केवल लोगों को साइकलिंग के प्रति जागरूक किया, बल्कि सामुदायिक भावना को भी मजबूत किया। मुनि सुव्रतनाथ फाउंडेशन ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी सुरक्षित रहें और पर्यावरण की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा गया। फाउंडेशन ने इस आयोजन को हर साल आयोजित करने का संकल्प लिया है, ताकि अधिक से अधिक लोग साइकलिंग को अपनाएं और एक स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली जी सकें।

# जेएसजी सिद्धा परिवार ने गर्मी से राहत के लिए किया वाटर पार्क में गेट टू गेदर







**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जेएसजी सिद्धा परिवार ने गर्मी से राहत के लिए किया वाटर पार्क में गेट टू गेदर ।सिद्धा ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार सीमा पाटनी ने बताया गर्मी से राहत के लिए वाटर पार्क में गेट टू गेदर का कार्यक्रम रविवार दिनांकः 2 जून को फन फेयर वाटर पार्क, भांकरोटा में आयोजन किया गया। अध्यक्ष दिनेश नीलम काला एवं सचिव अंजन आकांक्षा जैन ने बताया कि सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत एवं रजिस्ट्रेशन किया गया । उपाध्यक्ष सौरभ रतिका गोधा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कविता काला बताया कि सभी सदस्यों ने स्विमिंग पूल मस्ती के साथ साथ दोपहर 3.15 बजे हाई टी एवं सांयकालीन 5.30बजे से भोजन का आनंद लिया । आए हुए सभी सदस्यों का कार्यक्रम संयोजक मुकेश मनीष दोषी ज्ञान प्रकाश सपना जैन जैनेंद्र निशा जैन निलेश हिमांशी पाटनी ने आभार व्यक्त किया।

# जेएसजी अनंता द्वारा उत्कृष्ट दंपति प्रतियोगिता 'उतमा' का हुआ आयोजन

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप अनंता ने अपने 11 वे चार्टर डे और मेवाड़ रीजन के बैनर तले उत्कृष्ट दंपति प्रतियोगिता ''उतमा'' का आयोजन दिनांक 2 जून को विद्या भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर जेएसजीआईएफ के इलेक्ट अध्यक्ष बीरेन भाई शाह मुख्य अतिथि थे । अध्यक्ष डा शिल्पा नाहर ने बताया की चार्टर डे के उपलक्ष्य में 200 परिंडे वितरित लिए गए तथा अनंता की पत्रिका ''संदेशा'' के कवर पेज का विमोचन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष मोहन बोहरा ने कहा कि उत्कृष्ट दंपति प्रतियोगिता ''उत्तमा'' कार्यक्रम फेडरेशन सूत्र साथ चले, साथ सोचे तथा साथ काम करे आधारित थी. मेवाड़ रीजन के इस प्रकार के अद्वितीय कार्यक्रम में 17 जेएसजी ग्रुप्स के श्रेष्ठ दंपत्तियों ने भाग लिया जो अपनेआप में विशिष्ट तथा आकर्षण पोशाकों से सजे हुवे थे। चार चरणों की इस प्रतियोगिता में रैम्प वॉक, टैलेंट शो, प्रश्नोत्तरी तथा पति एवं पत्नि के द्वारा एक स्वर में नैतिक संदेश आकर्षण का केन्द्र थे । जेएसजी मेवाड़ रीजन के इतिहास में प्रथम इस कार्यक्रम को जेएसजी अनंता ने विधाभवन सभागार में अयोजित किया जिसमें प्रथम स्थान पर जेएसजी संगिनी विजय के दंपति विशाल- लतिका जैन, द्वितीय स्थान पर जेएसजी राजसमंद के दंपत्ति अजय कृतिका स्वरूपीया तथा तृतीय स्थान पर जेएसजी यूनीक के दंपति पुनीत-



स्वर्णिका बांथीया रहे। मेवाड़ रीजन चेयरमैन अनिल नाहर में अनंता को सफल कार्यक्रम की बधाइयां दी। फेडरेशन अध्यक्ष इलेक्ट बीरेन भाई शाह ने सभी विजेताओं को पुरस्तृत किया। मेवाड़ रीजन इलेक्ट चेयरमैन अरुण मांडोत ने कार्यक्रम की समीक्षा की। निर्णायक एडवोकेट ब्रिजेंद्र सेठ तथा डा शुभा सुराना थे। कार्यक्रम संचालन राजकुमार बाबेल ने किया। धन्यवाद शशिकांत जैन ने दिया। इस अवसर पर मेवाड़ रीजन से महेश पोरवाल, सुभाष मेहता, पारस ढेलावट, गजेंद्र जोधावत, राकेश भाणावत, प्रदीप बाबेल, अरुण जी क, विनोद पगारिया,ललित कच्छारा, महेश नाहर सहित विभिन्न जेएसजी ग्रुप्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा ने करियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किया

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार को उदयपुर एवं बांसवाड़ा संभाग के विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार समाज के विद्यार्थियों के लिए आलोक स्कूल उदयपुर में कॅरियर काउंसलिंग एवम शिक्षा सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की श्री - विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा के अध्यक्ष शंकरलाल माकडसीमा व महासचिव कन्हैयालाल झाड़ोल (सलूंबर) द्वारा समाज के लिए अभिनव पहल की जिसके माध्यम से बच्चो के बेहतर भविष्य के लिए ये आयोजन करवाया है और सशक्त शिक्षा और सशक्त समाज के वक्तव्य को सार्थक किया है इस विशाल कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में करीब 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया इसमें उदयपुर एवं बांसवाड़ा संभाग के सभी जिलों के सुथार समाज के विद्यार्थी जुड़े इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने समाज के 40 से ज्यादा विषय विशेषज्ञ से व्यक्तिगत रुप से मिलकर अपने जीवन में कौनसा विषय चयन करे और भविष्य निर्माण के लिए जाना विद्यार्थी किस फील्ड में कॅरियर बनाएं, यदि किसी क्षेत्र में असफलता मिलती है तो आत्मविश्वास कैसे प्राप्त करें इन बातों को लेकर राय ली। साथ ही वक्ताओ ने विद्यार्थियों के लिए अपने बेहतरीन विचार रखे इस कार्यक्रम में समाज के विद्यार्थियों को भविष्य के बारे में समझने का मौका मिला।इस दौरान व्यक्तिगत साक्षरता के माध्यम से विषय कॅरियर गाइडेंस प्रदान किया गया कार्यक्रम का संचालन धीरज सुथार और हर्षिता सुथार ने किया।



## वेद ज्ञान

### जीवन और आस्था...

आस्था के फूल हृदय की पवित्रता रूपी क्यारी में उगे मनोहारी पौधे पर ही खिल सकते हैं। वही आस्था लक्ष्य को पाने में समर्थ हो सकती है जिसकी जड़ें मौलिकता की खाद से उर्वरा शक्ति पाती हैं। मन के मैलेपन से विकसित और पनपी प्रवृत्ति व्यक्ति को किसी भी मुकाम पर छोड़ देने के लिए विवश हो सकती है। आस्था भक्ति, प्रेम, अपनत्व व आनंद की आधारशिला है। आस्था के पवित्र सरोवर में खिले भावकमल ही प्रभुकृपा का उत्तम प्रसाद पाने के एकमात्र अधिकारी हैं। आस्था की दृढ़ता अपने और अपने आराध्य के मध्य मिलन की दूरी व खाई को पाट देती है। आस्था अपने मंतव्य, गंतव्य व आराध्य को पाने की वह जादुई डोरी है जिसकी शक्ति, भक्ति व सामर्थ्य से प्रभु, प्रेमी व लक्ष्य स्वयं ही उसकी ओर आकर्षित होते चले आते हैं। पक्के और दृढ़ इरादों से विरचित आस्था के मंसूबे धारक को उसकी मनोकामनाओं की अंतिम मंजिल तक पहुंचाने की गारंटी देते हैं। आस्था अपने साथ विश्वास, नैतिकता, मूल्य व जीवटता को लेकर चलती है। आस्था भटकते राहगीरों और जीवन सागर में दिशाहीन होकर क्रूर समय के थपेड़े खाते मानव व जीव समुदाय को सही राह दिखाती है। आस्था के बगैर कोई भी व्यक्ति जीवन लक्ष्य में आनंद पाने की कल्पना नहीं कर सकता। आस्था सतोगुणी मूल्यवान सृष्टि की रचना करती है जिसका उद्देश्य विशुद्ध रूप से आराधना में पवित्रता के साथ-साथ जीवन को एक उत्तम उद्देश्य के लिए प्रेरित करना होता है। आस्था की प्रबलता प्रभु की अपने प्रति करुणा और प्रीति के बढ़ने की द्योतक होती है। उत्साह भी आस्था की ही आत्मजा है जो इससे प्रेरणा पाकर प्रभु मिलन व उनके साक्षात्कार में सहायक होती है। आस्था पवित्र भावों की वह मंदाकिनी है जिसमें स्नान करने के लिए देवगण स्वयं ही उत्कंठित रहते हैं। आस्था ही भक्ति व भक्त का कवच है। पावन आस्था की ही परिणति है कि प्रभु राम व माता सीता सदैव अपने भक्त पवनपुत्र हनुमान के हृदय में ही विराजमान रहते हैं। आस्था भक्त के पास ईश्वरीय अनुकंपा की अमोघ शक्ति है जिससे वह किसी भी पावन जीवन लक्ष्य की प्राप्ति में सफल हो सकता है। जीवन के अनमोल वैभवों को पाने और आत्मिक व असली आनंद प्राप्ति का मूल मंत्र आस्था है।

## संपादकीय

# सरकारें और उनके तंत्र गंभीर नजर नहीं आते

हर वर्ष गर्मी में तापमान कुछ बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है। लू के थपेड़ों से लोगों की जान चली जाती है। पिछले वर्ष एक ही दिन में अकेले बलिया में करीब डेढ़ सौ लोगों की जान चली गई थी। दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ते वैश्विक ताप को लेकर चिंतित हैं। मगर इसे लेकर खुद सरकारें और उनके तंत्र कुछ गंभीर नजर नहीं आते। इसी का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में मतदान के आखिरी चरण में लू लगने और बुखार की वजह से फिलहाल करीब पच्चीस लोगों के जान गंवा देने के आंकड़े आए हैं। इसके अलावा पिछले चार दिनों में सात राज्यों से करीब साढ़े तीन सौ लोगों के मरने के आंकड़े मिल रहे हैं। दो साल पहले ऐसी ही जानलेवा गर्मी के मौसम और कोरोना संक्रमण के समय उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव कराए गए थे, जिसमें सौ से अधिक सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के चुनाव तैनाती के दौरान बीमार होकर मरने के आंकड़े आए थे। तब उत्तर प्रदेश अध्यापक संघ ने खासा विरोध दर्ज कराया और मुआवजे को लेकर सरकार पर काफी दबाव बनाया था। अब आम चुनाव के दौरान तैनात कर्मचारियों के मरने की खबरें आई हैं। स्वाभाविक ही तेज गर्मी में तैनात कर्मचारियों के मरने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना हो रही है। मरने वाले कर्मचारियों में अधिकतर छोटी श्रेणी के हैं, जिन्हें लगभग पूरे समय धूप में ही खड़े रहना पड़ा होगा। इनके अलावा, उन हजारों सुरक्षाबलों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिन्हें चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े सहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करना पड़ा। मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई, मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर निर्वाचन आयोग ने क्या सोच कर चुनाव को इतना लंबा खींचा और ऐसे मौसम में मतदान की तारीखें रखीं, जब पूरा उत्तर भारत लू में झुलस रहा होता है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निर्वाचन आयोग मई और जून के महीनों में चलने वाली गर्म हवाओं से अपरिचित रहा होगा। जब वह सुरक्षा उपायों का गंभीरता से अध्ययन कर सकता है, सुरक्षाबलों की तैनाती को लेकर इतना सतर्क हो सकता है, तो उसने मौसम विभाग के साथ बैठ कर गर्मी के चलते पैदा होने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास क्यों नहीं किया। कई लोगों का मानना है कि तेज गर्मी की वजह से बहुत सारे लोग मतदान के लिए घरों से बाहर नहीं निकले, जिससे कई जगहों पर मतदान काफी कम हुआ। मतदान कराने का मतलब केवल यह नहीं होता कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए और मतदाताओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। इस प्रक्रिया को संपन्न कराने वालों की सेहत और सुविधाओं का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। निर्वाचन आयोग इस बात से बेखबर नहीं माना जा सकता कि गर्मी और लू के कारण लोगों का पाचन तंत्र खराब हो जाता है, जिन लोगों को दिल, गुर्दे वगैरह की समस्या है, उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# होनहार होने की कसौटी

मौजूदा समय में शिक्षा और कौशल विकास के बीच तालमेल नहीं दिख रहा है। शिक्षा के माध्यम से कौशल का विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। हमारे अकादमिक कल-कारखानों से लाखों की संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए आदि की भारी-भरकम डिग्रियां लेकर युवा निकल रहे हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश कौशलयुक्त एवं ज्ञानवान नहीं हैं। ऐसे लोग किसी भी कार्य को कुशलतापूर्वक अंजाम तक नहीं पहुंचा पाते, लेकिन होनहार के लिए रोजगार की कमी नहीं है। तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले, भले ही डिग्री एवं अंग्रेजी के मामले में पीछे होते हैं, लेकिन वे हर किस्म की मुश्किलों को आसानी से सुलझा सकते हैं क्योंकि किसी कार्य को करने के लिए डिग्री से ज्यादा कौशल की जरूरत होती है। कौशल को विकसित करके युवा बिना किसी डिग्री के भी हर कार्य कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। हमारे देश के स्कूल और कॉलेज के अध्यापकों का मानना है कि जो बच्चा लगातार हर परीक्षा में अव्वल आ रहा है, उसी को सिर्फ होनहार माना जा सकता है, जो छात्र इस कसौटी पर खरा नहीं उतर पाते हैं, उन्हें कम अक्ल माना जाता है। इसमें दो मत नहीं हैं कि स्कूल-कॉलेजों में प्राप्त अच्छे अंक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं किंतु इसका मतलब कदापि नहीं है कि हम इसे मेधावी होने या न होने का प्रमाण मानें। किसी विषय में कम या ज्यादा अंक प्राप्त करने से किसी भी छात्र को मेघावी या कमअक्ल नहीं माना जा सकता। हर विषय में हर छात्र की रुचि का होना जरूरी नहीं है। महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन की रुचि केवल भौतिक विज्ञान में थी । महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। लता मंगेशकर की भी गणित या विज्ञान में रुचि नहीं थी। सचिन तेंदुलकर या महेंद्र सिंह धोनी का अकादमिक रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, लेकिन वे अपने क्षेत्र में महान हैं। दरअसल, यहां फंडा ''जब जागो तभी सवेरा'' वाला है। जिन छात्रों के अंदर जीवन में सफलता हासिल करने की जिजीविषा जागृत हो जाती है वे हर कक्षा में तृतीय या द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने के बावजूद आईएएस की परीक्षा में शीर्ष 20 या 50 में स्थान बनाने में सफल हो जाते हैं। बारहवीं फेल फिल्म में एक ऐसे ही युवा की कहानी फिल्माई गई है। फिल्म थ्री इडियट में दिखाए गए दर्शन को भी हम नकार नहीं सकते। जरूरी नहीं कि हर बच्चा इंजीनियर या डॉक्टर बने। दुनिया में करने के लिए इतने सारे क्षेत्र हैं कि आप किसी बच्चे को कमतर नहीं मान सकते। बस आपके दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि आप किसे होनहार मानते हैं। भारत में जो बच्चे कॉलेज तक लगातार अच्छे अंक लाकर नौकरी के लिए आवेदन करने लायक अर्हता अंक प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, उन्हें ही जहीन माना जाता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2013 में पहली बार प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के अंकों को सार्वजनिक किया था, जिसमें 1004 अभ्यर्थी सफल हुए थे और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी ने समग्र रूप 53 प्रतिशत अंक हासिल किए थे जबकि अंतिम पायदान पर सफल रहने वाले अभ्यर्थी ने लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

# पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म हैं: सीए कमलेश जैन

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 700 मरीज हुए लाभान्वित

**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**




गुरुग्राम, हरियाणा। प्रत्येक धर्म में पीड़ित मानवता की सेवा को सर्वोपरि बताया है। पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। आप कोई भी धर्म देख लीजिए चाहे वो सनातन धर्म हो, जैन धर्म हो, सिक्ख धर्म ही, ईसाई धर्म हो, सभी धर्मों में हमें पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश मिलता है ।किसी ने सच ही कहा है ''पर हित सरस धर्म नहीं भाई''। आज समाज का एक बहुत बड़ा तबका धनाभाव के कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाता है। इस तरह के कैंप में समाज का मीडियम वर्ग व अन्य वर्ग के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हैं एवम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हैं इन सभी लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाकर दिल को बहुत ही सुकून मिलता है। उक्त उद्गार अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचियां सेवा न्यास के महामंत्री सीए कमलेश जैन गुरुग्राम ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए। अखिल भारतीय श्री दिगंबर जैसवाल जैन (उपरौचिया) सेवा न्यास व अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा तथा मेदांता मेडिसिटी एवं आरु क्लिनिक के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा 2 जून को सुबह 10 बजे से हनुमान मंदिर, गौशाला सोसाइटी, डुंडाहेडा, गुरुग्राम में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग, श्वसन रोग, इंटरनल मेडिसिन, आयुर्वेदा, फिजियोथैरेपी, नेत्र रोग से संबंधित निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर में बीपी, शुगर की जांच, हड्डियों की जांच, फेफड़ों की जांच एवं नेत्र जांच की निशुल्क सुविधा प्रदान की गई। इस शिविर में आरु क्लिनिक द्वारा निशुल्क परामर्श व दवाइयां वितरित की गई है। शिविर में जलपान की व खाने की व्यवस्था भी मरीजों के लिए की गई थी शिविर में लगभग 700 से अधिक मरीज लाभान्वित हुऐ शिविर में सुदीप जैन गुरुग्राम का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एम आर मजूमदार, श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शाकिर खान, आयुर्वेदा डॉक्टर आशिमा, फिजियोथैरिपी डॉक्टर चिराग अरोड़ा, जनरल फीजिशियन डॉक्टर चिराग यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप नेगी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में सेवा न्यास के महामंत्री उअ कमलेश जैन, सुदीप जैन, सगुन चंद, रूपेश जैन, सुनील जैन ( मोना जेनरेटर), अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन, ओमप्रकाश जैन, गिरीश जैन गुरुग्राम, तरुण जैन गुरुग्राम, पवन जैन (मोनू) गुरुग्राम, जय जैन गुरुग्राम, महेंद्र जैन भैय्यन (शिवपुरी), सन्मति फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल जैन, स्यादवाद युवा क्लब के अध्यक्ष शैलेश जैन, दिवस जैन, जिनेन्द्र जैन, अभय जैन व र उ की बहुत बड़ी टीम, जैसवाल जैन युवाजन के महामंत्री अजय कुमार जैन (बॉबी), हनुमान मंदिर गौ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं समस्त टीम, विप्र फाऊंडेशन गुरुग्राम की टीम एवम सैकड़ों की संख्या में गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे । सभी लाभान्वित मरीज शिविर की सेवाओं से बहुत ही खुश नजर आ रहे थे, साथ ही साथ समाजसेवी गण भी सेवा करने के लिए प्रेरित हो रहे थे, काफी समाजसेवी लोग अपने इलाके में शिविर लगवाने के लिए उत्सुक दिखाई दिए।

# जिनालय के स्थापना दिवस पर किया आदिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। एयरपोर्ट रोड, छत्रपति नगर स्थित श्री दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय का 29 वां स्थापना दिवस नवागत आचार्य श्री समय सागर जी चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के आशीर्वाद से उमंग उत्साह और विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया ।समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस उपलक्ष में जिनालय की में विराजित मूल नायक श्री आदिनाथ भगवान की मनोज्ञ एवं अतिशयकारी प्रतिमा का स्वर्ण एवं रजत कलशो से शांति धारा एवं महामस्तकाभिषेक किया गया। सर्वप्रथम स्वर्ण कलशों से शांति धारा एवं महामस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य जिनालय ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष कमल कुमार, पवन कुमार जैन (चैलेंजर परिवार )एवं मूल नायक मूर्ति प्रदाता जिनेश कुमार सोनेलाल जैन परिवार, उत्तमचंद सनत कुमार केवलारी वाला परिवार ने प्राप्त किया एवं वेदी में विराजित अन्य तीर्थंकर प्रतिमाओं के मस्तक पर शांति धारा एवं महा मस्तकाभिषेक करने का सौभाग्य कैलाश चंद दिलीप कुमार (नेताजी परिवार,) डाक्टर वी सी जैन, अरविंद अखिलेश सोधिया, विपुल बांझल, अतुल जैन (चीकू), सचिन जैन बंटी ,आदित्य जैन, शैलेंद्र सिंघई, कोमलचंद मुकुल कुमार मऊरानीपुर परिवार, एवं हीरालाल जैन शाह आदि पुण्यार्जकों के अलावा जिनालय में उपस्थित अनेक समाज जनो ने प्राप्त किया। विधि विधान के समस्त कार्य पंडित ने संपन्न कराए।इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद के समाज श्रेष्ठि डॉक्टर जैनेंद्र जैन, डी एल जैन, राजेंद्र सुपारी वाले, रमेश चंद जैन, सोनू बेगमगंज, राकेश नायक आदि के साथ कई महिलाएं भी उपस्थित थीं।



# मूक पक्षियों की प्यास बुझाते हैं परिंडे



**सीकर. शाबाश इंडिया**

हीट वेव का कहर इतना बढ़ रहा है इसकी चपेट में आने से पक्षी और मनुष्य बचा नहीं है और तेज धूप और लू के चलते सभी परेशान हैं। पक्षियों को पीने का पानी नहीं मिलने से वे तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के कई जिलों में तापमान 46 के पार है। हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी इतनी तेज है कि अब धीरे-धीरे पशु-पक्षी भी धूप और लू की चपेट में आने से दम तोड़ रहे हैं। प्यास में तड़पता पक्षी नहीं रहे इसके लिए स्मृति वन के आसपास के इलाकों में पक्षियों के लिए परिंडे लगाये इस दौरान नरोत्तम सोनी वासुदेव सोनी आलोक काला जयकुमार छाबड़ा प्रियंक जैन जुगल काला आदि लोग उपस्थित थे प्रियंक जैन ने कहा कि पिछले दिनों से बन रहे लू के हालात की वजह से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। यही हाल पशु पक्षियों का है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से परिंडे लगाने चाहिए पक्षी भी पर्यावरण का अंग है।

# अष्टापद बद्रीनाथ में सिद्धचक्र महाआराधना मे यात्री दल ने हिस्सा लिया

## मुनि जयकीर्ति महाराज ने वागड़ वासियों को दिया आशीर्वाद

**अष्टापद बद्रीनाथ. शाबाश इंडिया**

आदिनाथ निर्वाण भूमि अष्टापद बद्रीनाथ मे आयोजित सिद्ध चक्र महामंडल आराधना मे वागड़ के डुंगरपुर, बांसवाड़ा, डडूका, कनबा, कतिसोर, पाडली, रतलाम के यात्री दल ने हिस्सा लेकर सिद्धों की आराधना की। आयोजन मे मुनि श्री 108 जयकीर्ति जी महाराज ने सभी वागड़ वासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद दिया। मुनि श्री अजित सेन जी महाराज ने भी सबको आशीर्वाद दिया। आयोजन मे महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया, जोन चेयरमैन पृथ्वीराज जैन, कुसुम कोठिया, पुष्पा जैन, निविता गंगवाल, सरोज जैन, उमेश चत्तर, अशोक बंडी, प्रमिला बंडी, अजित नागदा, दिया नागदा, सहित कई यात्रियों ने हिस्सा लिया। रात्रि मे भक्तामर दीप अर्चना मे सभी ने आदिनाथ स्रोत के एक एक काव्य पर दीप प्रज्वलित किए। सिद्ध चक्र की आरती के साथ 5वे दिन के आयोजन सम्पन्न हुए। प्रातः काल सभी यात्रियों ने भगवान बद्रीनाथ के दर्शनों का लाभ लिया। इससे पूर्व भारत के सबसे पहले गांव माणा की विजिट कर वहा स्थित कई तीर्थों के दर्शन किए। सभी यात्रियों का आभार निवीता गंगवाल ने व्यक्त किया।



## जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर भगवान अनन्तनाथ का मनाया जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा ,चौरू,नारेडा मंडावरी,मेंहन्दवास, निमेडा,लसाडिया तथा लदाना के दिगम्बर जैन मंदिरों सहित फागी कस्बे के आदिनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, चंद्रपुरी मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर अनन्त नाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्ल्लास के साथ मनाया गया, जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में आज कस्बे के प्राचीन मंदिर आदिनाथ जिनालय मे प्रातः श्री जी का अभिषेक, महाशांतिधारा के बाद अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना करने के बाद सभी नवदेवताओं की पूजा कर सभी पूवार्चायों के अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई, साथ ही जैन धर्म के14 वें तीर्थंकर अनन्तनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव का सामूहिक रूप से जयकारों के अर्घ्य अर्पित किया गया, कार्यक्रम में समाज की शकुंतला छाबड़ा एवं मैना देवी गंगवाल ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि अनन्तनाथ भगवान का जन्म अयोध्या नगरी में राजा सिंहसेन और रानी सुयशा के यहां हुआ था तथा अनन्तनाथ भगवान सम्मेद शिखर से मोक्ष गये थे।कार्यक्रम में पूर्व सरपंच ताराचंद जैन,संरक्षक प्रेमचंद भंवसा, केलास कासलीवाल, सुरेश सांघी,सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, उपाध्यक्ष नरेंद्र कासलीवाल, शांति लाल सेठी, ओमप्रकाश कासलीवाल,शांति लाल मित्तल, राजेश छाबड़ा, शिखर गंगवाल,एडवोकेट रवि जैन, ललित कासलीवाल, अनिल कासलीवाल, भाविक कासलीवाल, आदि कासलीवाल, राजाबाबू गोधा तथा समाज की वयोवृद्ध शकुंतला छाबड़ा,कमला भंवसा,प्रेमदेवी दोषी,कमला कासलीवाल, मैना देवी गंगवाल, मनभर कासलीवाल, राजकुमारी दोषी,रेखा मित्तल, मंजू छाबड़ा, निर्मला कासलीवाल,सीमा कासलीवाल, मंजू सेठी, आरती सेठी,अंकिता गंगवाल ,मनीषा कासलीवाल सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे। **-राजाबाबु गोधा जैन महासभा मीडिया प्रवक्ता**

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का सेवा कार्य : जल सेवा कर रेल यात्रियों की बुझा रहे प्यास






**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** भारत में हमेशा से ही सेवा की परंपरा रही है। जल सेवा भी इसी संस्कृति से प्रेरित है। उपनिषद में कहा गया है कि अमृत वै आपः यानि पानी ही अमृत है। इसके अलावा पानी को शिवतमः रसः यानि पेय पदार्थों में सबसे ज्यादा कल्याणकारी बताया गया है। गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को शीतल जल पिलाने की कई मिसालें आसपास ही मिल जाती हैं। पहले जहां राहगीरों के लिए सडकों के समीप कुएं खुदवाए जाते थे और जगह-जगह घने दरख्तों के नीचे पानी के मटके रखे जाते थे, वहीं अब पक्के प्याऊ बनाए जाते हैं और कई जगह ठंडे पानी की टंकियां भी रखी जाती हैं। देहात और कस्बों में आज भी पानी के मटके देखे जा सकते हैं। इसके अलावा कुछ लोग अपनी दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर राहगीरों को स्वयं पानी पिलाते हैं। कुछ ऐसा ही उदाहरण हमारे शहर गंगापुर सिटी का भी है जहां रेलवे स्टेशन पर तपती जलती गर्मी के मौसम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के युवा सदस्य गर्मी और रेलगाडियों की भीड़ के बीच रेल यात्रियों को शीतल जल पिलाकर खुशी महसूस करते हैं। जो यात्री अपने डिब्बों और सीटों को छोड़कर नीचे नहीं आ पाते उनके लिए उनकी सीटों पर ही उनकी बोतल और बर्तनों को खिड़की में से ही शीतल जल से भर देते हैं। रेलयात्री इन युवाओं का सेवा भाव देखकर बहुत खुश होते हैं और उनकी प्रशंसा करते हैं। जलसेवा के संयोजक नरेंद्र जैन नृपत्या बताते हैं कि गत 14 वर्षों से लगातार हम दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के माध्यम से रेलवे स्टेशन पर जल सेवा का कार्य कर रहे हैं। पहले हम बाल्टी में पानी लेकर जग से पानी यात्रियों तक पहुंचाया करते थे लेकिन अब संगठन के पास एक दर्जन चलित ट्रॉली है जिनमें ठंडा जल होता है उन्हें प्लेटफार्म पर उचित स्थान पर खड़ा कर गाडियों के आगमन पर जल सेवकों यात्रियों को द्वारा जल पिलाया जाता है।

# गुरु उपकार महोत्सव के ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन समारोह संपन्न



रेणु पाटनी. शाबाश इंडिया

अजमेर। सर्वोदय कॉलोनी शांतिनाथ जिनालय में सायंकाल समय पर सामूहिक शिविर का समापन हुआ।रेणु पाटनी ने बताया कि बहुत ही उत्साह के साथ शिविर में लोगों ने क्या सीखा और अपने जीवन जीने की कला को पंडित आराध्य शास्त्री से जाना व अपने जीवन को शिविर के माध्यम से धर्म रूपी स्वाध्याय की गंगा में पापों का विसर्जन करना बताया।संयोजक वीरेन्द्र पाटनी व मधु जैन ने बताया कि सभी छोटे छोटे बच्चों ने पंडित अतिशय शास्त्री के द्वारा संस्कृत में देव दर्शन पाठ कंठस्थ याद किया, पहले और दूसरे भाग की परीक्षा ली उसमें सभी बच्चों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंत्री विनय गदिया ने बताया कि छहढाला की परिक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई जिस में प्रथम स्थान मधु जैन ने प्राप्त किया ,दूसरे स्थान पर सुषमा पाटनी रही, तीसरे स्थान पर अशोक सुरलाया व डां .वीना पाटोदी रहे। शिविर में बैठने वाले सभी को प्रमाण पत्र दिया गया और पंडित आराध्य शास्त्री पंडित अतिशय शास्त्री का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, समाज के कमल कासलीवाल ,अभय जैन, सुभाष गंगवाल, दीपक पाटनी, नवीन पाटनी, मनीष पाटनी, सुभाष पाटनी, महेश गंगवाल, सुयोग गंगवाल ,अशोक सुरलाया, अशोक गोधा, मुकेश पाटनी, दिनेश पाटनी, निमेष पाटनी, प्रवीण छाबड़ा, मंगल चंद पाटनी, रूप चंद छाबड़ा, छीतरमल गदिया, पारस पाटनी, धन कुमार लुहाडिया एवं समाज के सदस्य मौजूद थे।

## पंच कल्याण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव एवं शांति विधान का आयोजन




सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया

नौगामा, बांसवाड़ा ।नौगामा 1008 भगवान महावीर समवशरण मंदिर जी की पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव की 30 वी वर्षगाठ पर आज मंदिर जी में विधान आचार्य रमेश चंद्र गांधी, वीना दीदी के सानिध्य में मूल नायक 1008 भगवान महावीर स्वामी एवं मानस स्तंभ में स्थित 16 प्रतिमाओं व अरिहंत परमेष्ठी की प्रतिमाओं का बड़े भक्ति भाव से विशेष अभिषेक शांति धारा की गई ।उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा 108 कलशो से वृहत शांति धारा अभिषेक किया गया। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य पिंड्डारमियां प्रदीप कुमार रतनलाल, गांधी मीठालाल शिवलाल परिवार, पिंडारमियां पराग राजेंद्र, गांधी सुशीला रमेश चंद्र, गांधी मनीष सुरेश चंद्र गांधी आदित्य गांधी दिलीप कुमार, अति वीर अतिश राजेंद्र, डॉ अजीत गांधी को प्राप्त हुआ इस अवसर पर उपस्थित महिला मंडल द्वारा भगवान महावीर स्वामी की पूजन के बाद शांति विधान किया गया।






# अ.भा.दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न




**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

अ.भा.दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन ललितपुर में डा.वीरसागर जी की अध्यक्षता में सानंद सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में ट्रष्टी परमात्म प्रकाश भारिल्ल, कार्याध्यक्ष डा. शांतिकुमार जैन, उपाध्यक्ष डा.विकास जैन,महामंत्री डा.अखिल बंसल,शिक्षा मंत्री डा.प्रवीण जैन,मंत्री गणतंत्र जैन, कोषाध्यक्ष पण्डित पीयूष शास्त्री,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा.शुद्धात्मप्रभा टडैया व कारंजा से पधारे पण्डित आलोक शास्त्री उपस्थित थे।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री प्रवीण जैन इन्दौर ने इस वर्ष को तत्त्वार्थसूत्र वर्ष मनाने व इस अवसर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्याध्यक्ष डा.शांतिकुमार पाटिल ने विद्वत्परिषद के संक्षिप्त इतिहास पर प्रकाश डाला। पण्डित निकलेश शास्त्री ने म.प्र., पण्डित आलोक शास्त्री कारंजा ने महाराष्ट्र तथा पण्डित गणतंत्र शास्त्री ने उ.प्र.की इकाईयों द्वारा अब तक किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला।महामंत्री डा.अखिल बंसल ने विद्वत्परिषद की विकास यात्रा व किये गये कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। डा.वीरसागर जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी स्नातक विद्वानों से विद्त्परिषद से जुडने का आव्हान किया। पण्डित पीयूष शास्त्री ने आभार प्रदर्शन किया।ब्र.सुमति प्रकाश जी ने तत्त्वार्थसूत्र क्विज की पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने सभी से प्रतियोगिताओं में शामिल होने का आव्हान किया। अधिवेशन के पश्चात साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें क्विज को देशव्यापी बनाने के लिए नीति निर्धारित की गयी व कतिपय बिन्दुओं का समाधान किया गया।

# अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर मे विशाल रक्तदान शिविर व मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया ' परिषद के अध्यक्ष अशोक बिन्दयका व महामंत्री पारस जैन बोहरा ने बताया कि पुण्यार्जक परिवार सतीश मंजू ,अनूप पूजा हेतवी जैन कासलीवाल परिवार ( फागी वाले ) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि राजीव जैन विशिष्ट अतिथि पारस जैन पार्षद रहे ।रक्तदान वीरों द्वारा 62 यूनिट रक्त एकत्र किया गया ।इस दौरान विभिन्न जांचे भी निशुल्क की गई ' शिविर मे लगभग 85 लोगो द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाए गए लोगो मे रक्तदान हेतु उत्साह देखने को मिल रहा था ' रक्तदान शिविर समाप्त होने के पश्चात भी रक्तदान के लिए लोग आ रहे थे ' रक्तदान वीरों को रक्तदान करने के बाद कॉफी, अल्पाहार और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए ' पुण्यार्जक परिवार द्वारा सभी रक्तदान वीरों को बेडशीट वितरित की गई ।कार्यक्रम में वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष एम.पी. जैन परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन, प्रदेश महामंत्री विमल जैन ,नवकार ग्रुप के अध्यक्ष मोहन लाल गंगवाल ,परिषद के परम सरक्षक सौभागमल जैन ,पुण्यार्जक कासलीवाल परिवार के सुरेश जैन, अशोक जैन,संतोष जैन, पवन जैन सतीश जैन मुकेश कासलीवाल एवम मानसरोवर संभाग के पदाधिकारी नीरज जैन रवि गोदिका,रुचि सेठी,अमित बाकलीवाल,मुकेश जैन, विनय सोगानी,चेतन जैन रक्षित जैन ,लक्ष्य जैन ,लक्ष्मी जैन, कामिनी जैन, निखिल जैन अंजलि जैन ,मिताली जैन, सपना जैन,रतन सोगानी,मनोज जैन,सीमा जैन अर्हम जैन गरिमा जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे ' कार्यक्रम के बाद परिषद के महामंत्री पारस जैन बोहरा (दूदू वाले) ने आने वाले सभी अतिथि ,सभी रक्तदान करने वालों व सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से...




**जो बाते हम पी जाते हैं, वो बाते हमें खा जाती है..!**

इसलिए आपने सुना होगा एंटीबॉडी - टेबलेट सिर्फ दवाइयों की दुकान पर नहीं मिलती बल्कि और भी जगह मिलती है।

जैसे--

◆ आपके मोबाइल पर किसी अपने का नाम या फोटो दिख जाये और चेहरा खिल उठे -- तब बनती है एंटीबॉडी।

◆ जब तुम्हारे अपने, पराये हो जाये और गुरू तुमसे कहे -- चिन्ता मत करो। मैं हूँ ना। तब बनती है एंटीबॉडी।

◆ किसी बड़ी मुसीबत में तुम फंस जाओ और तुमसे तुम्हारा दोस्त कहे, चिन्ता मत कर, मैं तेरे लिये तो जान भी कुर्बान कर सकता हूँ। तब बनती है एंटीबॉडी।

◆ माता-पिता, गुरू और धर्म की कृपा जब बरसती है, तब बनती है जिन्दगी एंटीबॉडी।

◆ जिसे आप दिल से चाहते हैं, उसके लिये आपका समय बनता है एंटीबॉडी।

इसलिए जो उदास है वो दासों के दास है और जो प्रसन्न है वो मेरे पास है, सबके पास है।प्रसन्न रहना भी जरूरी है जिन्दगी में। आइने गुजरा हुआ वक्त नहीं बताया करते... **नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर समापन समारोह





## श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट सांगानेर को लगातार तीसरी बार मिला बेस्ट मंदिर अवार्ड

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान के अंतर्गत श्री संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित सहयोग दिग्म्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से विभिन्न जैन मंदिरो मे चल रहे 15 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविरो का भव्य सामूहिक समापन समारोह 1 जून 2024 को बिड़ला आडिटरियम मे सम्पन्न हुआ। शिविर के सफल आयोजन के लिए श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर एवं श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सभी पदाधिकारीगण, सभी विद्वान, विदुषी शिविर सयोजकगण, व्यवस्थापक आदि का पूर्ण समर्पण सहयोग रहा जिसके लिए सभी को कोटी कोटी आभार, धन्यवाद श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर को मिला बेस्ट मंदिर अवार्ड, सांगानेर महिला महासमिति की अध्यक्ष श्रीमती अंजना जी ने बताया की यहां तीनो मंजिलों पर कक्षाएं लगाई गई थी जिनको सुव्यवस्थित तरीके से यहां की शिविर सयोजिका श्रीमती विजिया जी ,निधि जी एवं सहयोगी सदस्यों ने संचालित किया। सभी कक्षाओ मे प्रथम ,द्वितीय, तृतीय आने वालो को पुरस्कार दिया गया एवं शेष सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।साथ ही स्थानीय विद्वान,सभी विदुषियों, शिविर सयोंजक, प्रभारी सदस्यों सभी का सम्मान किया ।मंदिर के अध्यक्ष श्री केवल जी निमोडिया व मंत्री श्री अनिल जी काशीपुरा कोषाध्यक्ष श्री सत्यप्रकश जी ने भी सभी का आभार प्रकट किया ओर कहा कि यह शिविर आगे भी ऐसे ही चलता रहे तथा जो रोज पाठशाला बच्चों के लिए चलती है वह यथावत चलती रहे लोगो मे धर्म की प्रभावना बढ़ती रहे।हम उन सभी का सम्मान एवं आभार प्रकट करते है जिन्होंने धार्मिक शिक्षण शिविर को चलाने मे तन, मन, धन से सहयोग दिया है। शिविर सयोजिका श्रीमती विजिया जी, सांगानेर महिला महासमिति अध्यक्ष श्रीमती अंजना जी एवं उनकी पुरी टीम।

# सेठ बन्जी लाल ठोलिया चैरिटी ट्रस्ट द्वारा शताब्दी वर्ष समारोह पर किया नि:शुल्क आयुर्वेद एवं नैत्र चिकित्सा शिविर तथा परिण्डा वितरण

## शिविर में 550 रोगियों का उपचार-200 परिण्डे बांटे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



सेठ बन्जीलाल ठोलिया चैरिटी ट्रस्ट जयपुर द्वारा जौहरी बाजार के घी वालों का रास्ता में संचालित सेठ बंजीलाल ठोलिया धर्मशाला का 100 वां स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नि:शुल्क आयुर्वेदिक व नेत्र चिकित्सा शिविर एवम परिण्डा वितरण सहित कई समाजोपयोगी कार्य किये गये। ट्रस्ट के प्रदीप ठोलिया एवं सुदीप ठोलिया ने बताया कि प्रातः 9 बजे से आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में स्त्री रोग, आंखों की जांच, लैंस प्रत्यारोपण, अन्य रोगों का ईलाज, दवा वितरण इत्यादि किये गये। शिविर में 550 रोगियों ने आंखों सहित अन्य रोगो का उपचार कराया। भगवान शांतिनाथ के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि विधायक बालमुकुन्दाचार्य एवं ठोलिया परिवार के प्रदीप ठोलिया, सुनील ठोलिया, सुदीप ठोलिया, रोमी ठोलिया, प्रशांत ठोलिया, यश ठोलिया ने दीप प्रज्जवलन एवं सेठ बन्जी लाल ठोलिया के चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक बाल मुकुन्दाचार्य ने अपने उदबोधन में कहा कि 100 साल पूर्व धर्म शाला की स्थापना एवं 92 साल पहले औषधालय की स्थापना करना समाज हित का अनूठा व विशाल कार्य है। हमारे बुजुर्गों ने दूरदर्शिता के साथ आगे की सोच रखते हुए मानव व समाज सेवा के कार्य किये जो एक मिशाल है। सुदीप ठोलिया ने स्वागत उदबोधन देते हुए सेठ बन्जी लाल ठोलिया चैरिटी ट्रस्ट की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बेजुबान पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए 200 परिण्डे वितरित किए गए। इस मौके पर पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद अजय यादव, सुनील बख्शी, विनोद जैन कोटखावदा, कमल बाबू जैन, सुरेन्द्र बज,डॉ शीला जैन, शीला डोड्या, पुष्पा सोगानी, अरुण ठोलिया, कुशल ठोलिया, शैलेष पाण्डया, राजप्रमोद शाह, मधु ठोलिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन मनीष बैद ने किया ।

### जनम जैठवदी तिथि द्वादशी...

# जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर भगवान अनन्त नाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



जैन धर्मावलंबियों द्वारा इस सप्ताह तीन तीर्थंकरों के कल्याणक महोत्सव मनायें जाने के क्रम में सोमवार को जैन धर्म के चौदहवें तीर्थंकर भगवान अनन्तनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाए गए। इस दौरान राजधानी सहित आसपास के जिनालयों में विशेष धार्मिक आयोजनों की धूम रही। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर भगवान अनन्त नाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के मौके पर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। भगवान अनन्त नाथ के प्रातः अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना करते हुए पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक जनम जैठवदी तिथि द्वादशी। सकलमंगल लोकविषैं लसी।। हरि जजे गिरिराज समातजैं। हम जजैं इत आतम काजतैं। बोलकर जयकारों के बीच जन्म कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। इसी प्रकार से तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। महाआरती से समापन हुआ। जैन ने बताया कि मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, अरुण पाटनी, राजू अजमेरा, अरुण सेठी, धन कुमार लुहाडिया, विपिन अजमेरा, विकास अजमेरा, विधान सेठी सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। साथ ही आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज सहित कई दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। जैन ने बताया कि जनकपुरी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज तथा श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेमीसागर कालोनी में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में विशेष आयोजन किए गए। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक बुधवार, 5 जून को सोलहवें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव के मौके पर जैन मंदिरों में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। इससे पूर्व श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की जाएगी। जैन के मुताबिक गुरुवार, 6 जून को भगवान अजितनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तथा गर्भ कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाया जाएंगा। महाआरती से समापन होगा। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, श्री दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी सहित शहर के 225 से अधिक जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए जाएंगे।

**विनोद जैन कोटखावदाः**
**प्रदेश महामंत्री**

## पापड़ीवाल जैन गुरुकुल संस्था के बने संरक्षक



**आयुष पाटनी. शाबाश इंडिया**

जयपुर। परम पूज्य वात्सल्य वारिधि आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संजय कुमार, पुनीत कुमार पापड़ीवाल नगर वालो ने श्री शान्तिवीर जैन गुरुकुल स्कूल जोबनेर समिति में संरक्षक बनने की स्वीकृति प्रदान की 'श्री शान्तिवीर जैन गुरुकुल समिति सदस्यों ने किशनगढ़ में संजय पापड़ीवाल से भेंट कर समिति द्वारा शिक्षा हेतु किये जा रहे कार्य की जानकारी प्रदान की जिससे संजय पापड़ीवाल प्रभावित हुए एवं संरक्षक बनने की स्वीकृति प्रदान करते हुए, स्कूल में एक स्मार्ट क्लास रूम बनाने की स्वीकृति भी प्रदान की। एवं साथ ही संस्था को आगे बढ़ाने में और भी सहयोग करने का आश्वासन दिया संजय कुमार पुनीत कुमार पापड़ीवाल, नगर निवासी हाल निवासी मदनगंज किशनगढ़ प्रमुख व्यवसाई एवं समाजसेवी है। संघ एवं समाज के कार्यो में सदैव अग्रणी रहते है, आपके पिता प्रेमचंद पापड़ीवाल भी आचार्य श्री वर्द्धमान सागर जी महाराज के संघ में परम पूज्य मुनि 108 श्री निस्प्रह सागर जी (नगर गुरु मदनगंज किशनगढ़) के नाम से दीक्षित थे। गुरुकुल परिवार भामाशाह परिवार की अनुमोदना करते है, एवं संस्था में संरक्षक बनने के लिय आभार प्रकट करता है।

## घी वालों का रास्ता व्यापार संघ व रौनक फैशन द्वारा गर्मी के मौसम में राहगीरों को शरबत व छाछ पिलाई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



घी वालों का रास्ता व्यापार संघ व रौनक फैशन की ओर से 9 दिन लगातार आने जाने वाले राहगीरों को शरबत, छाछ आदि पिलाई जा रही थी जिसका आज समापन समारोह संपन्न हुआ। गर्मी के मौसम में नौतपा चल रहा है इसमें घी वालों का रास्ता व्यापार संघ व रौनक फैशन की ओर 9 दिन लगातार नौतपा में 12:00 बजे से सायकल 5:00 बजे तक रोजाना कभी शरबत, आमरस, लस्सी, छाछ मिल्क रोज, शिकंजी, आदि रोज राहगीरों को पिलाई जा रही है। जिसका आज समापन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष नीरज लूहाड़िया व महासचिव कुंदन लाल पठानी ने बताया कि कार्यक्रम में पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद अजय यादव, युवा जागृति संगठन अध्यक्ष समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यवाहक अध्यक्ष हरीश केडिया, सुरेंद्र बज, दीपक, कमलेश पैकेट वाले, राम रावत, गोविंद सोनी, भूषण मंगलानी, राजेंद्र, भवानी, संजय जैन, प्रवीण, अनिल, आदि गणमान्य लोगों ने सेवाएं दी।